# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–18 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को वैश्विक मंचों पर बेनकाब करने के लिए केन्द्र सरकार सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेजेगी। भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के उद्देश्य से इन प्रतिनिधिमंडल में कई दलों के सांसद शामिल रहेंगे। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सात, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही बत्तीस देशों के साथ बातचीत करेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने इस संयुक्त मोर्चे का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसदों और प्रतिनिधिमंडलों की सूची साझा की है।

**भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में वाला प्रतिनिधि मंडल सऊदी अरब, बहरीन, कुवैत और अल्जीरिया जाएगा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय संघ, इटली और डेनमार्क का दौरा करेगा। जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में तीसरा समूह इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर की यात्रा करेगा। शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चौथा समूह संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो और सिएरालियोन का दौरा करेगा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल अमरीका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया का दौरा करेगा। डीएमके सांसद कनिमोझी करूणानीधि के नेतृत्व में छठा प्रतिनिधि मंडल स्पेन ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस का दौरा करेगा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चन्द्र पवार की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में सातवां समूह मिश्र, कतर, इतियोपिया और दक्षिण अफ्रीका का दौरान करेगा। अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोजी।**

**********

भारतीय सेना के प्रति सम्मान और एकजुटता दिखाने के लिए प्रदेश भर में भारतीय शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन जारी है। इसी क्रम में आज अमरोहा में पन्द्रह स्थानों पर तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा में शामिल लोगों ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने एक बार फिर दुश्मन को घर में घुसकर मारा है।

**********

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बंद हो चुकी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के आर्थिक पुनरुद्धार के उद्देश्य से नई नीति के लिए योजनाओं की घोषणा की है। गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित एक सहकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री शाह ने इन समितियों को पुनर्जीवित करके देश में सहकारी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। श्री शाह ने कहा कि इस पहल से सहकारी जमा राशि में ग्यारह हजार करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाइस मई को राजस्थान में बीकानेर के देशनोक से एक सौ तीन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का शुभारंभ करेंगे। इन स्टेशनों में प्रदेश के सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, स्वामीनारायण छपिया, मैलानी जंक्शन स्टेशन भी शामिल हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया गया है। इन स्टेशनों को सिटी सेंटर की तर्ज पर पुनर्विकसित किया गया है, जो क्षेत्रीय संस्कृति और विरासत को दर्शाते हैं।

**********

गोरखपुर सिविल एयरपोर्ट पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सहयोग से प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र स्थापित किया गया है। यहां प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्यकर्मी तैनात रहेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर राजेश झा ने बताया कि यह केन्द्र उन सभी लोगों के लिए मददगार साबित होगा जिनका आवागमन गोरखपुर एयरपोर्ट के माध्यम से होगा।

**********

बलरामपुर जिले के तुलसीपुर मे स्थित ऐतिहासिक देवीपाटन मंदिर को प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं के लिए और आकर्षक बनाएगी। इस धर्मस्थल का पर्यटन विकास होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। एक रिपोर्ट–

**प्रदेश सरकार ऐतिहासिक देवीपाटन मंदिर को धार्मिक पर्यटन का नया केन्द्र बनाने जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत मल्टीमीडिया लेजर शो के जरिए मॉ पाटेश्वरी की कथाओं और क्षेत्र के सांस्कृती विरासत को जीवंत किया जाएगा। जबकि पानी की स्क्रीन पर पन्द्रह से बीस मिनट का वीडियो मंदिर के इतिहास को दर्शाएगा। इस परियोजना के शुरू होने पर स्थानीय स्तर पर अर्थ व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं रितेश।**

**********

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध चतुर्थ केदार श्री रुद्रनाथ मंदिर के कपाट आज ब्रह्म मुहूर्त में पूरे विधि–विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलने के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अगले छह माह तक देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालु इस पवित्र धाम के दर्शन कर भगवान रुद्रनाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे।

**********